
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

11 फरवरी 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

यह कभी मत कहो कि मैं नहीं कर सकता,
क्योंकि आप अनंत हैं।



- स्वामी विवेकानंद

*Vishwa Vijay Singh*

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar


The change makers

# दिवस विशेष

11 फरवरी

मधु प्रिया

## थॉमस ऐल्वा एडिसन का जन्म 11 फरवरी




महान् आविष्कारक थॉमस ऐल्वा एडिसन का जन्म अमेरिका के मिलैन नगर में 11 फ़रवरी 1847 ई. को हुआ। बचपन से ही एडिसन ने कुशाग्रता, जिज्ञासु वृत्ति और अध्यवसाय का परिचय दिया। छह वर्ष तक माता ने घर पर ही पढ़ाया, सार्वजनिक विद्यालय में इनकी शिक्षा केवल तीन मास हुई। तो भी एडिसन ने ह्यूम, सीअर, बर्टन, तथा गिबन के महान ग्रंथों एवं डिक्शनरी ऑव साइंसेज़ का अध्ययन 10वें जन्मदिन तक पूर्ण कर लिया था।एडिसन 12 वर्ष की आयु में फलों और समाचारपत्रों के विक्रय का धंधा करके परिवार को प्रति दिन एक डालर की सहायता देने लगे। वे रेल में पत्र छापते और वैज्ञानिक प्रयोग करते। तार प्रेषण में निपुणता प्राप्त कर 20 वर्ष की आयु तक, एडिसन ने तार कर्मचारी के रूप में नौकरी की। जीविकोपार्जन से बचे समय को एडिसन प्रयोग और परीक्षण में लगाते थे। एडिसन को ही प्रथम औद्योगिक प्रयोगशाला स्थापित करने का श्रेय दिया जाता है। अमेरिका में अकेले हजारो पेटेन्ट कराने वाले एडिसन विश्व के सबसे महान आविष्कारकों में गिने जाते हैं।

# पुण्यतिथि विशेष 11 फरवरी




**दीनदयाल उपाध्याय** *Deendayal Upadhyaya,* जन्म: 25 सितंबर, 1916, मथुरा, उत्तर प्रदेश; मृत्यु: 11 फ़रवरी 1968) भारतीय जनसंघ के नेता थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक प्रखर विचारक, उत्कृष्ट संगठनकर्ता तथा एक ऐसे नेता थे जिन्होंने जीवनपर्यन्त अपनी व्यक्तिगत ईमानदारी व सत्यनिष्ठा को महत्त्व दिया।

टी-20 वर्ल्ड कप 2026

# टी-20 वर्ल्ड कप में विदेशी टीमों से खेलने वाले भारतीय मूल के खिलाड़ी

**खिलाड़ी की संख्या**

| | | |
|---|---|---|
| कनाडा<br>11 | यूएसए<br>9 | ओमान<br>7 |
| यूएई<br>7 | न्यूजीलैंड<br>2 | सा. अफ्रीका<br>1 |
| वेस्टइंडीज<br>1 | इटली<br>1 | नीदरलैंड<br>1 |

Teachers of Bihar

The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **11.02.2026**

## रटंत शिक्षण विधि

रटंत शिक्षण विधि **(Rote Learning)** एक पारंपरिक तकनीक है, जिसमें विषय की गहराई से समझ विकसित किए बिना, बार-बार दोहराकर **(drill)** तथ्यों, सूत्रों या परिभाषाओं को याद किया जाता है। यह विधि अल्पकालिक स्मृति **(short-term memory)** में जानकारी संग्रहीत करने के लिए उपयोगी है, लेकिन इसमें रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच **(critical thinking)** का अभाव होता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**श्रीरंगम मंदिर** इतना विशाल है कि पूरा एक शहर इसके अंदर बसा हुआ लगता है। इसके चारों ओर **7 बड़ी दीवारें** हैं और **मुख्य गोपुरम** पर सोने की परत चढ़ी हुई है। मान्यता है कि यह मंदिर **भगवान विष्णु** का धरती पर वैकुंठ है। इसकी भव्यता देखकर **विदेशी पर्यटक** भी दंग रह जाते हैं।

# पद्य पंकज

"

मिट्टी का गहरा अंधकार,
डूबा है उसमें एक बीज।
वह खो न गया, मिट्टी न बना
कोदों, सरसों से क्षुद्र बीज।
उस छोटे उर में छिपे हुए,
है डाल-पात औं' स्कन्द-मूल।
गहरी हरीतिमा की संसृति
बहु रुप-रंग,फल और फूल।

**सुमित्रा नंदन पंत**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS


# फखरुद्दीन अली अहमद

जन्म -13 मई 1905
मृत्यु - 11 फरवरी 1977



Madhu priya

www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
थॉमस अल्वा एडिसन
जन्म- 11 फरवरी 1847
मृत्यु - 18 अक्टूबर 1931
/teachersofbihar
Madhu priya

**पुण्यतिथि विशेष**

**11 फरवरी 2026**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

शिक्षा का उद्देश्य केवल रटना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों

का सर्वांगीण विकास करना होना चाहिए ।

दीनदयाल उपाध्याय

( प्रखर विचारक )



जन्म : **25** सितंबर **1916** मृत्यु : **11** फरवरी **1968**

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org